भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 492

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2017/17 चैत्र, 1939 (शक) को दिया गया)

कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय को सुदृढ़ बनाना

***492. श्रीमती वी. सत्यबामाः**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कंपनी रजिस्ट्रार के क्षेत्राधिकार में और कार्यालयों की स्थापना करने हेतु निधियां आबंटित की हैं; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कितनी धनराशि व्यय की गई है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरुण जेटली)**

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

<u>कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय को सुदृढ़ बनाने से संबंधित दिनांक 07 अप्रैल, 2017 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 492 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क) और (ख): दिनांक 26.01.2016 से केन्द्रीय रजिस्ट्रीकरण केन्द्र की स्थापना की गई जिसके व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

(भारतीय रुपये में)

वित्त वर्ष	व्यय
2015-16	1,42,770/-
2016-17	12,14,52,354/-
2017-18	13,47,98,000/-*

*अनुमानित

*****